

Scanned with CamScanner

पत्रिका . कांकेर, शनिवार, 21 सितम्बर, 2019

Weekend पत्रिका कांकेर

जागरुकता

# छात्राओं को गुड टच-बैड टच और बचाव की पुलिस ने दी जानकारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



जागरुकता... इन्दरु केंवट कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी।

**कांकेर.** महिला सशक्तिकरण की महती उद्देश्य को साकार करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक केएल ध्रुव के दिशा-निर्देशन एवं एसडीओपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में पुलिस रक्षा संवेदना टीम के महिला आरक्षक सदस्यों के द्वारा जिला उत्तर बस्तर कांकेर में वुमेन हेल्प लाइन नम्बर, वेब डेस्क रक्षा टीम, जैसी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कराया जा रहा है।


शासकीय इन्दरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में संवेदना कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में महिला आरक्षक सरोज मंडावी एवं उनके साथियों द्वारा छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर बचाव के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि जब कोई आपको इस तरह से टच करे तो आपको उससे बुरा लगे या आप सहज महसूस कर रहे हैं तो यह बैड टच हो सकता है। अगर कोई अनजान व्यक्ति आपके प्राइवेट पार्ट्स या कई अन्य जगह आपको गलत तरीके से छूने की कोशिश करे तो यह बैड टच होता है। वहीं अगर कोई आपके साथ गलत हरकत करे और बोले कि किसी को बताना मत तो यह बैड टच होता है। ऐसे अवांछनीय हरकतों की शिकायतें शिक्षक व पालकों से करने को कहा गया। आजकल सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, ईमेल, इंटरनेट, चैटिंग, मैसेज द्वारा लड़कियों को कैसे ब्लैकमेलिंग करके उनके फोटो या व्यक्तिगत गोपनीय चीजों के माध्यम से फ्रॉड कर उनके अधिकारों के हनन करते हैं। उसके कारण, होने वाले व्यक्तिगत एवं समाजिक प्रभाव और उनसे बचने के तरीके के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसी बीच टीम द्वारा आत्मरक्षा के बहुत से स्टेप प्रैक्टिकल करके बताए कि कैसे पहले खुद को सुरक्षित रखें एवं छेड़खानी या गलत इशारे का तुरंत विरोध करें। छात्राओं को हेल्प लाइन नम्बर डायल 112, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 तथा 181, 100 नम्बरों की जानकारी एवं इसके उपयोग के विषय में बताया गया। टीम के सदस्यों में अंजू कड़ावी, दिव्या वट्टी, पद्मिनी साहू, ममता टांडिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में करीब 170 छात्राएं



व शिक्षकगण स्टॉफ मौजूद थे। कार्यक्रम आयोजन से छात्राएं बहुत ही उत्साहित नज़र आयीं एवं कॉलेज स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया गया।

Scanned with CamScanner

वर्ष : 10 | अंक : 183 | पृष्ठ : 08 | कोरबा, रविवार 15 दिसम्बर 2019 | मूल्य : 2 रूपये



"हमेशा अपने विचारों, शब्दों और कर्म के पूर्ण सामंजस्य का लक्ष्य रखें। हमेशा अपने विचारों को शुद्ध करने का लक्ष्य रखें और सब कुछ ठीक हो जायेगा।"

महात्मा गांधी

आम आदमी का अखबार

# लोक सदन




# स्ट्रांग बॉडी, शार्प माइंड, सॉफ्ट हार्ट ये तीनों लक्ष्य प्राप्ति के सार्थक साधन- पी.सुन्दरराज

## युवा कन्या सुरक्षा एवं आत्मरक्षा और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय क्रियात्मकता कार्यशाला के उद्घाटन

कांकेर @loksadan.com

शासकीय इन्दरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में राष्ट्रीय सेवा योजना और इको ग्रीन क्लब के संयोजकत्व में युवा कन्या सुरक्षा एवं आत्मरक्षा के मुद्दे और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय क्रियात्मकता कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बस्तर पुलिस रेंज के महानिरीक्षक पी.सुन्दरराज ने अपना संबोधन का मूल मंत्र देते हुए स्ट्रांग बॉडी, शार्प माइंड, सॉफ्ट हार्ट ये तीनों को लक्ष्य प्राप्ति के सार्थक साधन बताया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आकाश मरकाम तथा महाविद्यालय स्टॉफ व पुलिस रक्षा संवेदना टीम तथा कॉलेज छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस महानिरीक्षक ने ज्ञानदायिनी माँ सरस्वती, प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता बापूजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया, साथ ही छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' के सस्वर गायन से शुभारंभ हुआ। उन्होंने अपने सेमिनार संबोधन में युवा कन्या तथा गृहिणी महिलाओं के विरुद्ध होने वाले



अपराधों की प्रभावी रोकथाम, छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं उनकी प्रतिष्ठा एवं गरिमापूर्ण, आत्मरक्षा के अतिरिक्त गृहस्थ जीवन, रोजगार तथा शासकीय सेवाओं में चुने जाने की प्रतिष्ठापूर्ण अवसरों के प्राप्ति में बाधाओं के निराकरण के सार्थक उपायों पर अपनी सारगर्भित बात रखी। इस संबंध में उन्होंने पालकों, शिक्षकों, कुटुम्बीजनों तथा शिक्षण संस्थानों की भूमिका को उद्देश्यपूर्ण बनाने के लक्ष्य में नवीन जागरूकता अभियान के तहत पुलिस की उपयोगी भूमिका तथा महिला सुरक्षा के अभियान में पुलिस नेतृत्व की सार्थक पहल को रेखांकित किया। जिला पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने अपने सेमिनार संबोधन में कांकेर जिला पुलिस की महिला सुरक्षा विंग, सुरक्षा संवेदना टीम एवं पुलिस जन मित्र ग्रुप के क्रियाकलापों, कार्ययोजनाओं तथा टॉस्क ग्रुप के कार्यों को शत प्रतिशत उपलब्धिपरक और महिला सुरक्षा को सार्थक बनाने में युवा कन्याओं, गृहिणी महिलाओं तथा कामकाजी महिलाओं से अपने अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए पुलिस की मदद लेने में जागरूक रहने की अपील की।

प्रथम सत्र के इस जागरूकता कार्यक्रम में आत्मरक्षा के डेमों एवं प्रदर्शन का संचालन एवं प्रशिक्षण आरक्षक पद्मिनी साहू, ममता टांडिया, सुरेखा सलाम, सरोज मण्डावी, दिव्या वट्टी, अंजू मण्डावी इत्यादि ने किया। कार्यक्रम में अतिथि सम्मान भाषण संस्था प्राचार्य डॉ.सी.आर.पटेल ने दिया। प्रो.अजय कुमार पटेल विभागाध्यक्ष होम साइंस एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय एकता को समर्पित तमिल गीत 'इयम मुंदेल कुमरी वरै-ओंड्रे भारतम ओंड्रे भारतम' अतिथियों के सम्मान में प्रस्तुत किया।

महानिरीक्षक महोदय एवं अतिथियों ने गृह विज्ञान विभाग तथा प्रयोगशाला ग्रुप द्वारा आयोजित पुष्पसज्जा, सलाद सज्जा, फर्स्ट ऐड बॉक्स, शरीर रचना एवं क्रियाविज्ञान के मॉडल तथा पोषक व्यंजन प्रतिस्पर्धाओं का अवलोकन किया तथा निर्णायकों एवं छात्राओं की प्रतिभा की प्रसंशा की।

महिला सशक्तिकरण एवं कन्या आत्मरक्षा का द्वितीय सत्र डॉ.विमल कुमार पटेल डीपी विप्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर जो कि पूर्व राज्य संपर्क अधिकारी रासेयो छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य, डॉ.कृपा राम ध्रुव प्राचार्य भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर की अध्यक्षता, प्रो.शरद ठाकुर विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग, प्रो.प्रताप चौधरी पीजी कॉलेज, डॉ.डीएल पटेल रासेयो कार्यक्रम समन्वयक बस्तर विश्विद्यालय जगदलपुर के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रो.विमल कुमार पटेल ने महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता में पुलिस मित्रजनों की तत्परता से सलाह एवं सहयोग लेने की बात कही। इसी क्रम में डॉ.केआर ध्रुव, प्रो.शरद ठाकुर, प्रो.प्रताप चौधरी, डॉ.डीएल पटेल, प्रो.अजय कुमार तथा कु.मनीषा नाग, प्रो.प्रीति पटेल, प्रो.दीप्ति सोनी, डॉ.वंदना विश्वकर्मा, प्रो.गायत्री मेश्राम इत्यादि ने अपने विचार रखे। रासेयो ग्रुप लीडर एवं खेलकूद छात्राओं अंजू नेताम, खुशबू साहू, श्वेता साहू प्रतिमा, जानकी इत्यादि ने भी अपने प्रश्नोत्तरी रखे जिनका उत्तर कार्यशाला में अतिथियों ने दिया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.डी.आर.टंडन ने किया।

Scanned with CamScanner